राष्ट्रीय सहारा

नई दिल्ली ■ लखनऊ ■ गोरखपुर ■ पटना ■ कानपुर ■ देहरादून ■ वाराणसी से प्रकाशित

नई दिल्ली

शुक्रवार • 17 मार्च • 2017

16 पृष्ठ, मूल्य ₹ 3.50

राष्ट्रीयता ■ कर्तव्य ■ समर्पण

बिजनेस स्टडीज के प्रश्नों में उलझे परीक्षार्थी

एक प्रश्न था भ्रमित करने वाला

नई दिल्ली। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 12वीं कक्षा के कॉमर्स स्ट्रीम के परीक्षार्थी बृहस्पतिवार को बिजनेस स्टडीज के मुश्किल पेपर से रूबरू हुए। पेपर में कुल 13 केस स्टडीज से जुड़े प्रश्न थे, जो मुश्किल थे। हालांकि पेपर औसत स्तर का बताया जाता है। पीतमपुरा स्थित एमएम पब्लिक स्कूल की बिजनेस स्टडीज की सब्जेक्ट एक्सपर्ट संतोष बत्रा ने बताया कि पेपर बीते साल से ज्यादा मुश्किल था। परीक्षार्थी सोनाली व संजना ने बताया कि केस स्टडीज से जुड़े प्रश्न मुश्किल था, इसमें एक प्रश्न तो काफी उलझाया भी।

सब्जेक्ट एक्सपर्ट संतोष बत्रा ने बताया कि पेपर कुल 80 अंको का था। प्रश्नपत्र में कुल 25 प्रश्न आये थे। इसमें एक अंक वाले 8, तीन अंक वाले 5, चार अंकों वाले 6, पांच अंक वाले 3 और 6 अंकों वाले 3 प्रश्न पूछे गये थे। सब्जेक्ट एक्सपर्ट ने बताया कि पेपर में एक प्रश्न में डेलीगेशन ऑफ पॉवर व डिसेंट्रलाईजेशन को लेकर भ्रमित करने वाला प्रश्न था, जो छह अंको का था। एक मूल्य आधारित प्रश्न भी आया था, जो पांच अंको का था।

इसमें बताया गया था कि इंडियन यूथ आर्गनाईजेशन को एक ओल्ड एज में स्वच्छता करने के लिए पेस्ट कंट्रोल करना था, लेकिन ओल्ड एज होम वालों ने कहा कि इससे यहां रहने वाले वरिष्ठजनों को दिक्कत होगी। फिर कहा गया कि पेस्ट कंट्रोल को लेकर बाद में बताएंगे, लेकिन संगठन को नहीं सूचित किया गया तो संगठन उपभोक्ता फोरम में चला गया। इसमें संगठन के कार्य को लेकर मूल्य पूछे गये थे। ■ एसएनबी